# मंडल कार्यालय आदेश - 30/2024

पत्र स.-393-W/M-/Instruction /0/Vol-III

मंडल कार्यालय
उत्तर- पश्चिम रेलवे, जोधपुर
दिनांक :-18.09.2024

मुख्य लोको निरीक्षक (सीमीसी) ,
समस्त मुख्य लोको निरीक्षक (ओपन लाइन )
मुख्य लोको निरीक्षक(आर डी आई )
जोधपुर, मेड़ता रोड एवं फलौदी

**विषय :- मंडल में चालक दल के कुप्रबंधन के कारण हुयी विफलताओं के सन्दर्भ में ।**

जोधपुर मंडल के चालक दल के द्वारा विगत दिनों में लोको संचालन के दौरान हुयी घटनायें जिनमे चालक दल का लोको से सम्बंधित सही तकनीकी ज्ञान एवं उचित दोष निवारण के द्वारा लोको विफलता/समय हानि को बचाया जा सकता था लेकिन चालक दल विफल रहे । अतः चालक दल के कुप्रबंधन के कुछ प्रकरण इस मंडल कार्यालय में संकलित किये जा रहे हैं, जिन विषयों पर सभी मुख्य लोको निरीक्षक अपने नामित स्टाफ का गहन काउन्सलिंग करें ताकि मंडल में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृति नहीं हो । चालक दल के द्वारा कुप्रबंधन के प्रकरण निम्नलिखित हैं :-

1. 16.09.2024 को गाड़ी संख्या 19224 इलेक्ट्रिक लोको no-22989/WAP4/TKD शेड, बीकानेर स्टेशन पर बीकानेर मुख्यालय के शंटर द्वारा लगाया गया एवं जोधपुर मुख्यालय के क्रू द्वारा बीकानेर स्टेशन पर गाड़ी का चार्ज लिया । गाड़ी का BKN स्टेशन से 00/45 बजे प्रस्थान हुआ । लोको में HSM स्विच की पोजीशन के सम्बन्ध में TKD शेड द्वारा आवश्यक सूचना कैब-2 TK पैनल पर डिस्प्ले की हुयी थी जिसे क्रू देखने में विफल रहा । गाड़ी प्रस्थान पर 01/00 लोको पायलट ने TLC/JU को बताया कि लोको में 01 नौच का ग्रिग्रेशन आ रहा है, TLC/JU ने लोको पायलट को HSM स्विच की पोजीशन चेक करने के लिए निर्देशित किया लेकिन लोको पायलट ने बताया कि इस लोको में HSM स्विच नहीं लगा हुआ है । गाड़ी का 01/33 बजे UMS स्टेशन पर आगमन हुआ एवं लोको पायलट ने रिलीफ लोको की मांग की । UMS स्टेशन पर मुख्य लोको निरीक्षक श्री पूनाराम गहलोत मुख्यालय जोधपुर 02/40 बजे पहुंचे एवं उन्होंने पाया कि शेड द्वारा HSM स्विच की पोजीशन के निर्देश कैब -02 में लगे हुये थे जिसमे HSM स्विच TK पेनल पर लगा हुआ था जिसे चालक दल ज्ञात करने में विफल रहा । गाड़ी का UMS स्टेशन से 03/23 पर प्रस्थान हुआ (गाड़ी संख्या 20845 एवं 22997 के क्रासिंग के बाद ) तथा गाड़ी की समयपालना का ह्रास हुआ ।

2. 19.08.2024 को गाड़ी संख्या 22497 इलेक्ट्रिक लोको no-22579/WAP4/JHSE शेड, बीकानेर स्टेशन पर बीकानेर मुख्यालय के शंटर द्वारा लगाया गया एवं जोधपुर मुख्यालय के क्रू द्वारा बीकानेर स्टेशन पर गाड़ी का चार्ज लिया । गाड़ी का BKN स्टेशन से 19/22 बजे प्रस्थान हुआ । गाड़ी प्रस्थान पर 19/25 लोको पायलट ने TLC/JU को बताया कि लोको की गति 15KMPH से ज्यादा होते ही ऑटो रिग्रेशन हो रहा था, TLC/JU ने लोको पायलट को HSM स्विच की पोजीशन चेक करने के लिए निर्देशित किया एवं लोको पायलट ने पाया कि HSM स्विच ऑन '0' पोजीशन पर था जिसे लोको पायलट ने HSM स्विच की पोजीशन '0' से '1' पर किया । गाड़ी के प्रस्थान से पूर्व चालक दल HSM स्विच की उचित पोजीशन में है या नहीं यह सुनिश्चित करने में विफल रहे । अतः गाड़ी का अनावश्यक विलम्ब हुआ जिसे समय रहते बचाया जा सकता था ।

3. 03.08.2024 को गाड़ी संख्या 12466 (BGKT-INDB) डीजल लोको no-40581/WDP4D/BGKT शेड, गाड़ी का प्रस्थान BGKT स्टेशन से 04/41 बजे हुआ एवं गाड़ी ने BGKT-JU के बीच अधिकतम गति 54 kmph तक हुयी तथा 08 नौच पर 2680 KW हौलिंग पॉवर थी । गाड़ी का जोधपुर स्टेशन पर 05/11 बजे प्रस्थान हुआ एवं लोको कैब में डिस्प्ले स्क्रीन पर एक मेसेज प्रदर्शित हुआ (TCC Blower Lock Out-Reduced Load and TCC#2 Blower Contactor Fault- slow speed failed to Pick up) जिसे लोको पायलट ने अनदेखा किया एवं लोको के KW 160 से ड्राप होकर 80 पर आ गये लेकिन लोको पायलट ने इसे एक रूटीन मेसेज समझकर इग्नोर किया,

फलस्वरूप लोको पायलट ने RKB स्टेशन पर लोको को फ़ैल किया तथा जोधपुर से रिलीफ लोको संख्या 40175 दिया गया एवं गाड़ी का प्रस्थान RKB से 06/40 बजे हुआ एवं गाड़ी की समयपालना का ह्रास हुआ।

4. दिनांक 14.08.2024 को गाड़ी संख्या ECR14866 को जोधपुर कोचिंग डिपो की वाशिंग लाइन संख्या 04 से 07/30 बजे प्रस्थान किया एवं गाड़ी 07/35 बजे लोड को नहीं खींच पाने के कारण खड़ी हो गयी एवं 07/37 बजे गाड़ी को वाशिंग लाइन में वापिस बेक किया गया। JU यार्ड से दूसरा लोको उपलब्ध करवाया गया एवं गाड़ी का प्रस्थान जोधपुर से 08/48 (33 मिनट लेट) हुआ। लोको के इन्वेस्टीगेशन में TCC का सर्किट ब्रेकर ट्रिप पाया गया, यदि लोको पर कार्यरत शंटर द्वारा समय पर दोष का पता लगाकर दोष निवारण कर लिया होता तो उक्त लोको विफलता को बचाया जा सकता था।

***सम्बंधित सभी मुख्य लोको निरीक्षक, दिनांक 18.09.2024 से 02.10.2024 तक 15 दिन के लिये विशेष काउन्सलिंग अभियान चलाकर अनुपालना रिपोर्ट दिनांक 03.10.2024 तक इस कार्यालय को आवश्यक रूप से भिजवाने का श्रम करें।***

वरि.मं.यां.इंजी.(EnHM and Power)
उ.प. रेलवे, जोधपुर